

## Court Matter

### हत्यारे पति को हुयी आजीवन कारावास

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** हत्यारे पति को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्टट्रेक कोर्ट श्रीमती ममता शुक्ला ने आज दोनों अरोपियों को धारा 302,34 भा0द0वि0 के तहत् आजीवन कारावास व धारा 376 भा0द0वि0 में दस साल सश्रम दंड की सजा सुनायी। मामला इस प्रकार है, रामनरायण सारथी व परमेश्वर चौहान कीदा बेहरामार से 4 सितंबर 14 को नाचा देख कर रात को लौटे तो रामनरायण के घर का दरवाजा बंद था, जिससे वे पीछे से घर में घुसे वहा मृतका को सोये देखकर उसके दोस्त की नियत खराब हो गयी और उसने रामनरायण से उसकी पत्नी के साथ गलत काम करने की इच्छा जतायी, जिस पर रामनरायण ने अपनी पत्नी धनुहार का मुँह दबाया और परेमेश्वर ने बलात्कार किया और उसके गले को चाकू से रेत दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। यह रामनरायण की दुसरी पत्नी थी, पहली शादी उसकी कोरकोमा की कलेश्वरी से हुयी थी, लेकिन धनुहार से प्रेम होने पर उसने उसे छोड़ दिया और धनुहार को पत्नी के रुप मे रख लिया था। हत्या के बाद रामनरायण ने थाने में रिपोर्ट की कि किसी अज्ञात व्यक्ती ने उसकी पत्नी की गला काट कर हत्या कर दी है, पुलिस विवेचना में जब रामनरायण व परमेश्वर से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होने जो बयान दिया वह चौकाने व हैरत मे डालने वाला था। विद्वान न्यायाधीश ने गवाहो व साक्ष्यो के आधार पर मामला सिध्द पाया ओर दोनों को सजा सुनायी। दोनो सजायें साथ साथ चलेगी।

# फिर से हुआ एक्सीडेंट, जान गइ

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** जिले में लगातार हो रही दुर्घटनाओ में लोगों को बेमौत अपनी जान गंवानी पड़ रही हें लेकिन खूनी पहियों जान लेने से नहीं चूक रहे हैं, जिले में खूनी तांडव जारी हें जिसकी वजह से आज भी एक शख्स को असमय अपने प्राण गंवाने पड़े। यह हादसा किरोड़ीमल नगर म ग्रामीण बैंक क पास हुआ जहां एक 56 साल के शख्स को ट्रक के पिछले पहियों ने अपनी चपेट मे ले लिया। हादसा इतना दर्दनाक था किलोगो से देखा नहीं गया। बैंक हो रही चावल से लदी ट्रक क्रमाक सीजी 04 जेड सी 2423 ने रामनरायण सिंह को दबा दिया और उसकी कमर तक चक्के की चपेट म आ गइ, उसे तत्काल रायगढ़ अस्पताल लाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। रामनरायण सिंह रायगढ़ कबीर चौक बीमा कालोनी के रहने वाले थे। उनके निधन पर जूटमिल क्षेत्र में गहन शोक की लहर व्याप्त है।

# तीन सड़क हादसों में पांच हुये घायल

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** ग्राम रायकेरा घरघोड़ा में रहने वाले करन यादव बीएसएनएल कंपनी द्वारा बिछाये जा रहे केबल वायर कार्य में रोड मार्कर लगाने का काम कर रहा था, नुनदरहा मोड के पास काम करने के दौरान दोपहर करीब 3 बजे हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल का चालक करन को ठोंकर मारकर भाग गया, आहत को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोडा में भर्ती कराया गया है । उसके जबड़े, चेहरे तथा दोनो घुटनों में चोट आयी है। रिपोर्ट पर मोटर सायकल चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। दुसरी घटना में ग्राम पोतरा लैलूंगा के बलराम यादव कल अपने साथी रतन साय यादव एवं अनिल यादव के साथ हर्राबहार से वापस घर आ रहा था कि ग्राम पोतरा में नरसिंह सिदार के घर के पास ट्रेक्टर का चालक भयसिंह सिदार बलराम यादव के मोटर सायकल को ठोंकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गयी तथा बलराम यादव के दायां पैर, रतन साय यादव के दायां पैर एवं अनिल यादव के दाहिना पैर में चोटें आयी है। रिपोर्ट पर ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध धारा 279,337 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तीसरा मामला ग्राम खर्री का है, जिसमें छोटे नहरपारा का राजू यादव राज मिस्त्री का काम करता है। कल अपनी मो0सा0 क्रमांक सीजी13 एच 0650 से सारंगढ से खर्रीछोटे रामलाल साहू के महेंद्रा ट्रेक्टर के नट बोल्ट पहूंचाने गया था और शाम को मोटर सायकल से वापस घर आ रहा था कि बेलपाली पहुंचने के पहले मोड के पास करीब शाम 7.30 बजे सामने से आ रहे मोटर सायकल के चालक उत्तरा यादव खर्रीछोटे अपने मोटर सायकल से राजू यादव को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे राजू यादव के चेहरे, सीना तथा बांये पैर में चोट आयी है ।

### खैरागढ़ी में लगा हमर गांव हमर पुलिस

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** आज ग्राम खैरगढी सरिया मे हमर गांव हमर पुलिस का कार्यक्रम आयोजन कर ग्राम वासियो को मानव तस्करी, चिटफंड कम्पनी से ठगी करने वालो लोगो से सतर्क रहने तथा अवैध शराब बिक्री की रोकथाम हेतु जागरूक होने के संबंध मे जानकारी दिया गया एवं अवैध शराब बिक्री होने पर थाना सरिया को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया ।

### तालाब के पास कपडों से मोबाईल गायब

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** बाबा कुटी सारंगढ में रहने वाला टीकाराम पटेल तालाब के पास हाथ मुह धोने गया था, जहां अपने जिओनी मोबाईल तथा पेंट शर्ट को तालाब के सीढी, पचरी में रखा था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया, जिसकी रिपोर्ट थाना सारंगढ़ में दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

## नियमतिकरण को लेकर रैली

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधको के द्वारा नियमतिकरण को लेकर रैली निकाली गई। आज महात्मा गांधी चौक से रैली सुभाष चौक, गौरीशंकर मंदिर रोड, गोपी टाकीज रोड, हेमूकलाणी चौक, चक्रधर नगर चौक से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। यहां प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री रमन सिंह व वनमंत्री महेश गागड़ा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नियमतिकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

# होने लगी है पानी की कमी

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** गर्मी शुरू होते ही पीने के पानी की कमी होनें लगी है साथ ही साथ जिले की जीवनदायिनी कहे जाने वाली केलो नदी में भी अब पानी रहा है, जिसके चलते रायगढ़ नगर निगम के आधा दर्जन से भी अधिक वार्डो में पानी की सप्लाई में कमी आई है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों का कहना था कि केलो नदी के उपर बने बांध के चलते शहर में आने वाला पानी नही मिल रहा है और जो भी पानी केलो नदी में अभी दिख रहा है वह गंदा है। नगर निगम व प्रशासन की नजरअंदाजी के कारण आम लोगों को पीने के पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। अभी तो गर्मी शुरू हुई है, तब ये हाल है, आगे आने वाले समय में काफी दिक्कत हो सकती है, जिससे बचने का प्रयास अभी से किया जाना चाहिए।

## लास्ट में... चलते-चलते ...

### गिरवी रखे सामान के लिये हुई थी साहूकार की हत्या?

### खरसिया हत्या मामले में लगातार बदल रहा बयान

# अपराधी नहीं ले गए मोटी रकम जेवरात भी छोड़े

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** खरसिया के पुरानी बस्ती में रहने वाले बड़े साहूकार व सोने चांदी व्यवसायी विजय अग्रवाल के घर में घुस कर हत्या तथा लूटपाट के मामले में घर वालों का बयान लगातार बदल रहा है और अब चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ है कि घर में घुसने वाले कथित लूटेरे व हत्यारे विजय अग्रवाल द्वारा गिरवी रखे गए गहनों की पोटली लेकर गायब हो गए हैं और जबकि इन अपराधियों ने वहां रखे 25 लाख नगद व अन्य सोने-चांदी के जेवरात को हाथ तक नहीं लगाया है। इसके अलावा अपराधियों के द्वारा दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के सीडीआर को गायब करना भी यह दर्शाता है कि अपराध करने से पहले अपराधियों ने इस घर के बारे में न केवल खासी जानकारी इक्ट्ठी कर रखी थी, बल्कि मृतक विजय अग्रवाल के घर वालों की हर गतिविधियों पर भी पूरी नजर रखी थी। यह घटना कई इशारे कर रही है। जिसमें पुलिस को भी महत्वपूर्ण सुराग लगभग मिल चुका है और जल्द ही इसका खुलासा होगा और यह खुलासा चौंकाने वाला इसलिए होगा क्योंकि अपराध को करने वाले लोग घरवालों की पहचान के हो सकते हैं। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बीएन मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान खरसिया पहुंच कर फिर से विजय अग्रवाल के परिजनों से पूछताछ और आसपास के गतिविधियों का मुआयना कर रहे हैं। साथ ही साथ इस वारदात में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए छह टीमे बनाई गई है।

# भीषण गर्मी से स्कूली छात्र बेहाल

### अभाविप ने की स्कूल पूर्ण बंद कराने की मांग

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** एक तरफ जहां शहर तथा जिले में भीषण गर्मी के चलते आम जन हलाकान है और सुरज की तपिश के साथ-साथ तापमान का पारा लगातार उपर चढ़ रहा है। सुबह 9 बजते ही तेज धूप लोगों को बेहाल करने लगती है, ऐसे में छोटे-छोटे नन्हें बच्चों और प्रायमरी मिडिल के छात्रों को पूर्वान्ह तक स्कूल में पढ़ाई करने के बाद तेज और झुलसाने वाली धूप में वापस लौटना पड़ रहा है। स्कूली छात्र इस भीषण गर्मी के चलते अब बेहाल होकर बीमार पड़ने लगे है और स्कूल के बच्चों में उल्टी, तेज बुखार, दस्त, सिरदर्द जैसी शिकायतें डॉक्टरों के पास पहुंच रही है। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए जिले में तत्काल प्रभाव से सभी स्कूलों को पूर्ण बंद करने की मांग उठने लगी है। भाजपा के छात्र संगठन अभाविप ने भी रायगढ़ जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी स्कूलों को पूर्ण बंद किये जाने की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### सम्बलपुरी में लगा हमर पुलिस हमर गांव का शिविर

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** ग्राम सम्बलपुरी सामुदायिक भवन में आज थाना चक्रधरनगर स्टाफद्वारा हमर पुलिस हमर गांव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को ए.टी.एम के गुप्त नम्बर पूछकर ठगी करने वाले चिटफण्ड कम्पनियों में रूपये जमा कराकर धोखाधड़ी करने वाले,सोना-चांदी साफ सफाई के नाम से ठगी करने वाले तथा बेहतर रोजगार मोहईया कराने के झांसे में न आने की सलाह में न आते हुये इस प्रकार की घटना की जानकारी थाने में देने को कहा गया ।

# रेल डाकसेवा विस्तार सड़क की ओर भी काउंटर

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** रेल डाक सेवा ने अब सड़क की ओर एक काउंटर खोल दिया। जिससे अब रायगढ़ शहर के लोगों को पोस्ट आफिस की लम्बी लाइनों से छुटकारा मिल जाएगा। रेल पोस्ट आफिस के उप अभिलेख अधिकारी पी एस प्रधान ने बताया कि 5 अप्रेल को चीफ पोस्ट मास्टर जनरल श्रीमती सुजिता सिंह का रायगढ़ दौरा हुआ था जिसमे उनको यहाँ की स्थिति से अवगत कराया और मेन रोड मे एक काउंटर खोलने के लिए निवेदन किया जिसमें सुजिता सिंह ने अनुमति दे दी और 6 अप्रेल से ही मेन रोड मे स्पीड पोस्ट और रजिस्ट्री की सुविधा प्रारंभ कर दी गयी । जिसे अब लोगों को रेल्वे स्टेशन का चक्कर लगा कर अंदर जाने की जरुरत नहीं पड़गी और बाहर से ही उनका काम हो जाऐगा । काउंटर खुलने का समय सुबह 7.30 बजे से रात्रि 9.30 तक है एवं इस बीच 10.30 से 11 बजे एवं 2.30 से 3 बजे एव 7 से 7.30 बजे तक टी टाइम के लिए काउंटर बंद रहता है। रेल्वे पोस्ट के द्वारा काउंटर के बाहर छायादार शेड निर्माण के लिए भी रेल्वे को पत्र लिखा गया है, जल्दी यह भी हो जाएगा और लोगों को एक बेहत्तर सुविधा का लाभ मिलेगा।

## Science News साइंस न्यूज

# कैब और टैक्सी में होगा पैनिक बटन

### मेनका गांधी को मिली थी उत्पीड़न की शिकायतें

**नइ दिल्ली:** सरकार ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा देखते हुए कैब और टैक्सी में सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम की अनुमति नहीं रहेगी, गाड़ी में किसी अन्य सवारी को महिला यात्री की सहमति से ही बिठाया जाएगा, सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कैब और टैक्सियों में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम जीपीएस के साथ पैनिक बटन का होना अनिवार्य कर दिया हैण् केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि नयी टैक्सी नीति में केंद्रीय महिला एव बाल विकास मंत्री मेनका गांधी के सुझावों को शामिल कर लिया गया है। महिला बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने कैब और टैक्सियों में बढ़ते यौन अपराधों को देखते हुए कैब सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और इस समस्या से निपटने के तौर तरीकों पर चर्चा की, इसके बाद उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और नयी टैक्सी नीति में शामिल करने के लिए कुछ सुझाव दिए, नयी नीति में समाहित किए गए दिशा निदेशा क अनुसार कैब एवं टैक्सी में जीपीएस के साथ पैनिक बटन अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के देखते हुए कैब और टैक्सी में सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम को अनुमति नहीं दी जाएगी, चालक का लाइसेंस और पंजीकरण उचित रुप से वाहन में प्रदर्शित करना होगा, इन प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले लोगों के साथ कड़ाई से निपटा जाएगा, वाहन में किसी अन्य सवारी को महिला यात्री की सहमति से बिठाया जाएगा।

# अब आईपैड की जगह आईपैड एयर-2

**न्यूयॉर्क:** एप्पल की चौथी पीढ़ी वाले आईपैड का इस्तेमाल करने वाले अगर इसे बदलना चाहते हैं, तो एप्पल उनके लिए अधिक क्षमतावान आईपैड एयर-2 लाने वाली है, मीडिया में आई खबरों के मुताबिक आईपैड एयर-2 जल्द ही एप्पल के स्टोर और अन्य आधिकारिक सेवा प्रदाताओं के पास उपलब्ध होगी। वेबसाइट 9टू5मैक पर शनिवार 15 अप्रैल को प्रसारित खबर में कहा गया है कि वास्तव में एप्पल ऐसा इसलिए कर रही है, क्योंकि कंपनी के पास पुरानी पड़ चुकी चौथी पीढ़ी का आईपैड बचा ही नहीं है और कंपनी आगे से इसका उत्पादन भी नहीं करना चाहती। एप्पल ने अपने कर्मचारियों से ग्राहकों को बदली जा सकने वाली चौथी पीढ़ी के आईपैड के बारे में जानकारी देने के लिए भी कहा है। आईपैड एयर-2 को सुनहरे रंग के अतिरिक्त विकल्प के साथ भी उतारा जाएगा, इसे 32 जीबी और 128 जीबी दो स्टोरेज क्षमता के साथ पेश किया जाएगा, जबकि 16 जीबी और 64 जीबी स्टोरेज क्षमता वाले संस्करण बंद कर दिए जाएंगे। ऐसे में जो ग्राहक पुराना चौथी पीढ़ी वाला आईपैड बदलकर नया आईपैड एयर-2 लेंगे उन्हें न सिर्फ अत्याधुनिक फीचर मिलेंगे, बल्कि बढ़ी हुई स्टोरेज क्षमता भी मिलेगी।

## धूम्रपान से मौतो में ईजाफा

अध्ययन के अनुसार वर्ष 2005 की तुलना में वर्ष 2015 में धूम्रपान से होने वाली मौत में 4.7 फीसदी की वृद्धि हुई है। धूम्रपान का स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ता है और यह अक्षमता का दूसरा सबसे बड़ा कारण बन गया है, इससे पहले यह अक्षमता का तीसरा सबसे बड़ा कारण था। अध्ययन में बताया गया वर्ष 2015 में विश्व में होने वाली मौत में से 11.5 फीसदी मौत का कारण धूम्रपान था, जिसमें से 52.2 फीसदी लोगों की मौत चार देशों, चीन, भारत, अमेरिका और रूस में हुई।

## 19 अप्रेल को धरती के पास से गुजरेगा क्षुद्रग्रह

**वाशिंगटन:** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि 19 अप्रैल को एक बड़ा क्षुद्रग्रह धरती के पास से करीब 18 लाख किलोमीटर की दूरी से सुरक्षित गुजरेगा। यद्यपि इस क्षुद्रग्रह के धरती से टकराने की कोई संभावना नहीं है, लेकिन इस आकार के क्षुद्रग्रह का धरती के पास से गुजरना महत्वपूर्ण होगा, क्षुद्रग्रह नाम का 2014 जे.ओ 25 है जिसकी खोज मई 2014 में अमेरिका के एरिजोना में कैटालिना स्काई सर्वे के खगोलविदों ने की थी, क्षुद्रग्रह आकार में लगभग 650 मीटर का है,इस समय इसके भौतिक गुणों के बारे में बहुत कम जानकारी है, यद्यपि इसके प्रक्षेप पथ के बारे में काफी जानकारी है, क्षुद्रग्रह सूर्य की दिशा से पृथ्वी के नजदीक आएगा और 19 अप्रैल के बाद रात के समय आकाश में देखा जा सकेगा, अगली बार लगभग इस आकार का क्षुद्रग्रह 2027 में गुजरेगा, 800 मीटर चौड़ा यह क्षुद्रग्रह धरती से एक चंद्र दूरी लगभग 3,80,000 किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। आगामी 19 अप्रैल की घटना इस क्षुद्रग्रह का अध्ययन करने का एक बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी, विश्वभर में खगोल विज्ञानियों की योजना दूरबीनों से इसका अध्ययन करने की है, ताकि इसके बारे में अधिक से अधिक पता चल सके, पिछले 400 साल में यह क्षुद्रग्रह धरती के इतना नजदीक नहीं आया है और अब कम से कम अगले 500 वर्षों में धरती के इतना नजदीक आएगा, नासा ने कहा कि 19 अप्रैल को ही पैनस्टार्स नाम का धूमकेतु सी2015 ईआर 61 धरती के सबसे नजदीक से यानी कि 17 करोड़ 50 किलोमीटर की बहुत ही सुरक्षित दूरी से गुजरेगा।

# अब स्लो स्पीड इंटरनेट पर भी लीजिए ट्विटर लाईट का मजा




**नई दिल्ली :** माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने कम डेटा की खपत करने वाले वर्जन ट्विटर लाइट को भारत में लॉन्च कर दिया, ट्विटर ने अपने इस नए वर्जन के लिए वोडाफोन को ग्लोबल पार्टनर बनाया है, ट्विटर लाइट मोबाइल डाटा पर चलने वाला ऐसा वर्जन हैए जो पहले की अपेक्षा 30 फीसदी तेजी से काम करेगा और 70 फीसदी कम डेटा खर्च करेगा, हालांकि इसके लिए डेटा सेवर मोड ऑन करना होगा और ये वर्जन मोबाइल डेटा का एक एमबी से भी कम डाटा खर्च करेगा। ट्विटर की ओर से जारी किए गए बयान में एशिया पैसिफिक के मैनेजिंग डायरेक्टर माया हरि ने कहा, ट्विटर के इस लाइट वर्जन के साथ हम भारत के अपने यूजर्स को पहले से कहीं बेहतर ट्विटर अनुभव देगा, इसके जरिए हम देश के बड़े शहरों से बाहर निकलकर छोटे शहरों के यूजर्स तक पहुंच बनाएंगे, जो उन्हें यह देखने में मदद करेगा कि दुनिया में क्या हो रहा है। ट्विटर लाइट के पहले ग्लोबल पार्टनर के तौर पर वोडाफोन देश में शुरू हुए बेहद लोकप्रिय टी-20 लीग टूर्नामेंट आईपीएल के दौरान अपने ग्राहकों को वक्त-वक्त पर क्रिकेट की खबरें मुहैया कराएगा। कंपनी का कहना हैए श्अगर आपके मोबाइल का नेटवर्क थोड़ी देर के लिए खत्म भी हो जाता है तो ट्विटर लाइट अपने ग्राहकों को ऑफलाइन सेवा मुहैया कराती रहेगी, जिससे कि वे थोड़ी देर के लिए भी ट्विटर से कटा हुआ महसूस न करें।

# स्मार्ट चश्मा एक लैंस करेगा विभिन्न लैंसों का काम



**वॉशिंगटन:** वैज्ञानिकों ने ऐसे स्मार्ट ग्लासेस अर्थात् चश्मा विकसित किए हैं, जिनके लैंस तरल आधारित हैं और उनका लचीलापन हर उस वस्तु पर फोकस करने में मदद करेगा जिसे भी ग्लासेस पहनने वाला व्यक्ति देख रहा होगा। यूटा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित इन ग्लासेस को कुछ इस तरह विकसित किया गया कि वह आंख की प्राकृतिक पुतली की तरह काम करेंगे यानी वह हर उस वस्तु पर फोकस कर सकेंगे जिसे भी व्यक्ति देख रहा है चाहे वह वस्तु दूर की हो या फिर पास की, उम्र बढ़ने के साथ हमारी आंखों के लैंस कड़क होते जाते हैं, और विभिन्न दूरी पर फोकस करने की अपनी क्षमता और लचीलापन खो देते हैं। इसलिए चश्मा लगाने की जरूरत पड़ती है, लेकिन तब मुश्किल और बढ़ जाती है जब हम विभिन्न दूरी पर फोकस करने की क्षमता खो देते हैं और ऐसी स्थिति में हमें अलग-अलग दूरी पर देखने के लिए विभिन्न लैंसों की जरूरत पड़ती है। नए विकसित चश्मों में ग्लिसरिन से बने लैंस होते हैं जिन्हें दो लचीली झिल्लियों के बीच रखा जाता है, इन लैंसों को फ्रेम में लगा दिया जाता है, ये झिल्लियां फोकस मिलाने के लिए मुड़ जाती हैं, लैंस का लचीलापन और मुड़ने की क्षमता के चलते एक ही लैंस बहुलैंस का काम कर सकता है, यह शोध ऑप्टिक्स एक्सप्रेस जर्नल में प्रकाशित हुआ।

# नए जमाने की नई रेल

**भुवनेश्वर:** रेल मंत्री सुरेश प्रभू ने नए जमाने की नई ट्रेन को रविवार को हरी झंडी दिखाई, उन्होंने विस्टाडोम कोच के साथ विशाखापट्टनम और अराकू के बीच एक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि नये कोच में शीशे की छत, एलईडी लाइट, घुमावदार सीटेंए जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली होगी जो यात्रा को और सुगम बनायेंगे। यहां भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हिस्सा लेने के लिये आये प्रभू ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में लाइफ लाइन एक्सप्रेस को झंडी दिखाई और कहा कि इससे गरीब मरीजों को काफी मदद मिलेगी, प्रभु ने एक रेलवे केंद्र की आधारशिला रखी। विशाखापट्टनम और अराकू के बीच एक आधुनिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रभु ने कहा कि विस्टाडोम कोच वाली ट्रेन की तस्वीरें साझा कर खुशी का अनुभव कर रहा हूं, कहा कि इस ट्रेन से यात्रा करने पर यात्रियों को ज्यादा आनंद की अनुभूति होगी, यात्रियों को प्रकृति के सौंदर्य देखने को मिलेंगे।